Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up a jute and natural fiber park in Katihar Parliamentary Constituency in Bihar.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): सभापति महोदय, बिहार राज्य अंतर्गत हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार और पूर्णिया प्रमंडल में किसानों के द्वारा प्रचुर मात्रा में जूट, केला और प्राकृतिक रेशे का उत्पादन किया जाता है। पूर्वोत्तर बिहार में अधिक मात्रा में जूट उत्पादन होने से बिहार भारत का दूसरा सर्वाधिक जूट उत्पादक राज्य है। इसी वजह से भारत सरकार ने कटिहार में जूट मिल (आरबीएचएम) की स्थापना की थी। लेकिन, वर्ष 2016 के बाद से यह जूट मिल बंद पड़ी हुई है। इसका कोई वैकल्पिक उपाय भी भारत सरकार के द्वारा नहीं किया गया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि कटिहार जिला एक आंकाक्षी जिला है। केन्द्र सरकार इन रेशों के उत्पादन के लिए उस क्षेत्र को बढ़ावा देने का कोई दूसरा वैकल्पिक काम भी नहीं कर रही है। इसलिए, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र कटिहार में देश के पहले जूट एवं नेचुरल फाइबर पार्क की स्थापना करे, ताकि वहां स्वरोजगार हो, जिससे वहां के जूट एवं फाइबर उत्पादक किसानों को उसका लाभ मिले और देश का भला हो।

HON. CHAIRPERSON: The next Member is Shri Anto Antony.

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): Thank you, Chairman, Sir.

HON. CHAIRPERSON: I will be able to give only one minute each.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please make your submissions within one minute each.

… (*Interruptions*)

SHRI ANTO ANTONY: Sir, it is a very serious issue. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : अगर सीरियस मैटर है तो उसे कम समय में रखिए। उसे कॉम्पैक्ट कीजिए।